छत्तीसगढ़ विधानसभा
पत्रक भाग-एक
संक्षिप्त कार्य विवरण
सोमवार, दिनांक 7 मार्च, 2011
(फाल्गुन-16, शक संवत् 1932)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1. निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री अर्जुन सिंह, अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के प्रति शोकोद्गार व्यक्त किये।

मुख्यमंत्री-डॉ.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष-श्री रविन्द्र चौबे, सदस्य सर्वश्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी, दूजराम बौद्ध, नंदकुमार पटेल, रामपुकार सिंह, (डॉ.) प्रेमसाय सिंह टेकाम, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर एवं कृषि मंत्री-श्री चंद्रशेखर साहू ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए ।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शोक संतप्त परिवार के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगत के सम्मान में पूर्वाह्न 11.58 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनाँक 8 मार्च, 2011 (फाल्गुन 17, शक संवत् 1932) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा